सचिवालयः आज से 40 हजार फाइलें ऑनलाइन चलेंगी

मनोज शर्मा . जयपुर

सचिवालय में स्मार्ट फंक्शनिंग के तहत नए साल से ई-फाइल सिस्टम लागू कर दिया गया है। अब 40 हजार से ज्यादा रूटीन फाइल-पत्रावली मैन्युअल के बजाय ऑनलाइन हो गई हैं। इससे न केवल सिस्टम में पारदर्शिता आएगी बल्कि, फाइलों के रूट की पूरी जानकारी ऑनलाइन रहेगी। इससे यह पता चल सकेगा कि कौन सी फाइल किस अधिकारी या मंत्री के पास पेंडिंग हैं और कितने समय से। एक बार फाइल में जो टिप्पणी कर दी, उसमें किया गया बदलाव भी साफ दिखेगा। अब 15 जनवरी से सभी विभागों को फाइलें ऑनलाइन करने का लक्ष्य दिया है। ई-फाइल का काम पहले से चल रहा था। लेकिन, सीनियर आईएएस उषा शर्मा के मुख्य सचिव बनते ही इसके क्रियान्वयन में तेजी आई है।

1000 से भी ज्यादा रिम पेपर बचेगा.. पारदर्शिता भी आएगी

2.85 लाख से ज्यादा कुल फाइलें हैं सचिवालय में, सभी ऑनलाइन होंगी

Dainik Bhaskar
Pg - 1. (Front Page)
2/1/2023

POCO
SHOT ON POCO F1